तुम मजबूत हो विमल इसलिए परवाह नहीं करते। मैं तुम्हारा साथ नहीं निभा सकता। यह कहकर वह कमरे के बाहर आ गई— आज

का नि भी ता अच्छा न ी ह । आंधी आग, वर्षा ने बिजली गर ।
न जान क्या हो । तुम्हे भी न जाना चाहिए । यदि कुछ ऐसी ही बात
गई तो याद है जगल ! पनाह तक न पाआगे । तज धारा म उस वक्त
तुम्हारे माझी की कुशलता काम न आगी ।

इतने म ही नौकर चाय क बतन लकर उपस्थित हुआ । मजु
जब चाय के प्याल तयार करने लगी तो तज वाष्प स उसका हाथ जलन
लगा । उसने झट म बतन को नीचे रखा । मट्टी का बतन टक्कर न सह
सका और टुकडे टुकडे हो गया । मजु ने मुस्कराते हुए कहा—

इतना ही मेरो पूर का भाग नहीं है ।

मामूली तौर पर प्याल तयार हो गए थे समलिए उन्होने
उठा कर पीना शुरू किया । थोडी दर बाद बिमल नदी की ओर चला
गया और मजु कोठी क पीछे के बाग म ।

मजु के सामने अनेक सुगंधित पुष्पो का ढर सा लगा हुआ था ।
वह जमीन पर बैठी अपनी पसन्द क अनुसार उन फूलो म माला बना रही
थी । थोडी देर बाद उसे परिचित स स्वर सुनाई दिये । उस याद
आया कि नजदीक आते ए सुनाई पडे मगर उस कुई दिखाई न ी
दिया । कोई तारो की मस्ती म छेडर ा था मगर उनम क्रम बद्ध प्रवा
जारी न था । मजु स न रहा गया । वह उठ कर घन कुजो की ओर
चल दी । सडक स दूर कोठी की सीमा क पास घन वृक्षो क बीच ा
जीवधारी बठ अपनी हरकतो म उन स्वरो को पैदा कर रह थ । युवक
अपने साज पर पहले उन स्वरो को पैदा कर रह थे । युवक अपन साज
पर पहल उन स्वरो को जगाता और फिर वस ही किशोरी अपन गल स
उस हरकत को दोहराती । शायद किशोरी को शिक्षा दी जा रही थी ।
अपनी कोठी क तारो को दीवार क पास जाकर मजु खडी हो गई और
उसन उनको अपना काम करते हुए देखा । थोडी देर म किशोरी की
मजु के आन का भान हुआ सा व खडी हो गई । युवक भी पीछा गा

गया और उसने सलाम किया। मजु ने पूछा--

तुम लोग क्या काम करते हो ?

गाने बजाने का ही काम करते हैं। जवाब आया।

रहते कहाँ हो ?'

नदी के उस पार हमारा डेरा है।' किशोरी ने जवाब दिया।

झील के पास ?'

हम लोगों का डेरा एक जगह हमेशा नहीं रहता माजी। हम लोग घूमते फिरते रहते हैं कल हमारा डेरा जरूर वहीं था', युवक ने जवाब दिया।

कल भी वहां यही बजा रहे थे ?'

'जी। सीखने से पहले रानी हर चीज को पसन्द करती है, इसीलिए इसे सुना रहा था। आज सिखा रहा हूँ।

बहुत सुन्दर स्वर है। रानी को पसन्द है ?

पसन्द किए बिना मैं बिलकुल नहीं सीखती।

कुछ याद हुआ ?'

अभी तो शुरू ही किया है।'

सब कुछ याद है। आप सुनियेगा ?'

यदि तकलीफ न हो।'

'शुरू करो, रानी। बड़े भाग्य हमारे जो आप सुनने को आईं।'

युवक ने तारों को छेड़ा और उनमें से मधुर स्वर निकले। किशोरी की जादू भरी आवाज ने उनका पीछा किया और फिर वे दोनों एक होकर मस्ती बरसाने लगे। स्वर लहरों के जादू ने मजु को मस्ती में मगन कर दिया और वह अपने आप का स्वर्गीय स्वप्नों की याद में कुछ समय के लिए खो बैठी। गाना समाप्त हुआ मगर उसका असर समाप्ति के बाद तक मजु पर छाया रहा। युवक ने पूछा--

'पसन्द आया माँजी ?

जवाब में मजु ने पाँच रुपये का एक नोट जमीन पर गिरा

दिया और वे शान्त भाव से वहाँ से चल दी। नानाविधान मंजु का ध्य
हरचन्द का ध्यान रह गये।

कानों का रास्ता लम्बा और घना था। वह नानडम्बा के साथ
हो ली। प्रकृति की छाया के विभिन्न रूप नानाविधाना के सगार से मंजु
को पुचकारा न दिया गर। वह मन्त्र मुग्ध की तरह अपने कदम बढ़ाती
पथ के सहारे-सहारे कानों की ओर अग्रसर हो रही। मन्द मन्द उसके
कदम एकाएक रुक गये। किसी की आवाज ने उसे रुकने पर मजबूर कर
दिया। उसे सुनाई दिया--

अभी बहुत कुछ देखना बाकी है कुमारी!

उसने घूम कर देखा तो मालूम हुआ कि एक पुरुष उसी रास्ते
उसके पीछे-पीछे आ रहा है। वृद्धावस्था में भी आगन्तुक के कदम बड़ी
तेजी से उसकी ओर बढ़ रहे थे। मंजु ने उन्हें देखा और पहचान लिया।
अब वह किसी के भ्रम में न थी। आगन्तुक ने गम्भीर भाव से पूछा--

मुझे पहचानती हो कुमारी?

आपको कौन नहीं पहचानता अधिकारीजी? मंजु ने शान्त
भाव से जवाब दिया।

मैंने सुना है विमल तुम्हारे साथ है?

जी। आपने ठीक सुना है।'

जानती हो मैंने उसे पुत्र की तरह पाल कर बड़ा किया है?'

जी।

'मगर इसलिये नहीं कि आखिरी जीवन में उसके हाथों मेरी
संचित आशाओं का खून हो।

यह आप क्या कहते हैं, अधिकारीजी?

मेरी प्रार्थना सुनने का हक अब सिवाय तुम्हारे और किसी को
हासिल नहीं है कुमारी!'

आप क्या कह रहे हैं, अधिकारीजी? मुझे आज्ञा दीजिये। आप
मेरे पूज्य हैं।

मैं भिक्षा माँगने आया हूँ कुमारी। मेरी वह माँग सिर्फ तुम ही
पूरा कर सकती हो। परन्तु अपनी माँग पेश करने के पहले मैं तुम्हारा

वचन चाहता हूँ कि तुम इंकार न करोगी ।'

'एसी क्या माँग है, अधिकारीजी ?'

'पहले वचन दो बेटी ।'

'ऐसा नही हो सकता अधिकारीजी । बगैर सुने मैं कोई वादा नही कर सकती ।'

'सुनने के बाद शायद मुझे निराश लौटना पड़े ।'

वैसा नहीं होगा, अधिकारीजी । आप सिर्फ अपनी सीमा में रहें ।'

अपने बीच सीमा का सवाल नहीं रह सकता बेटी ।'

फिर ऐसी आज्ञा न दीजिये अधिकारीजी ! अपने हक को हासिल करने के लिये दूसरो के हक को छीनना कहीं भी न्यायसङ्गत नहीं है ।

'जानती हो मैंने विमल को आदमी बनाया है ?'

इसके लिये वह आपका आभारी है ।'

मठ के उसके ऊपर अनेकों एहसान हैं ।

वह उन एहसानों को मानता है ।

'उसका भी तो कुछ कर्तव्य है जिसे उसे पालन करना चाहिये ?

जरूर ।'

तुम इसमें सहमत हो, कुमारी ?'

हाँ अधिकारीजी ।

तुम्हारा साथ रहते वह अपने कर्तव्य को नहीं निभा सकता ।

अपनी सीमा में रहें अधिकारीजी । अपने अधिकार की रक्षा के लिए आप दूसरों के अधिकारों की बलि देना चाहते हैं ?

मेरा अधिकार पहले है कुमारी ।'

'आपको इतना निर्दयी न होना चाहिए अधिकारीजी । बलि के लिए पशु आपने नहीं पाला था । आपने एहसान किए हैं । मनुष्यता की दृष्टि में एहसानों की कीमत जिन्दगी नहीं हो सकती अधिकारीजी ।

क्या मतलब ?'

विमल के ऊपर आपने अहसान इसलिए नहीं किए कि उनका बदला आप एक दिन इस आखिरी हद तक चुक । विमल की जिन्दगी अब केवल उसी की जिन्दगी नहीं रही है अधिकारीजी। उसके सहार-एक ऐसे जीवन की आशाओं का संसार भी आश्रित है जिस पर आपने कोई एहसान नहीं किए । इतने पर भी आप अपने एहसानों की कीमत लगे ?

एक क्षण के लिए अधिकारीजी को महसूस हुआ कि उनके विचारों में कमजोरी है । उनसे मजु के प्रश्न का उत्तर एकाएक देते न बना । मजु के स्पष्ट विचारों के आगे उनकी तर्कशक्ति ने काम न दिया । वे मजु के गंभीर मुखमण्डल की ओर एक टक देखने लगे । उसकी आंखों में तेज था और उसके भावों में गहराई । थोड़ी देर की शांति के बाद अधिकारीजी के मुंह से अधिकारपूर्ण शब्द निकले--

मेरी आज्ञा के विरुद्ध विमल को मेरा तुम्हें हासिल नहीं हो सकता था कुमारी !

यह मैं जानता हूं अधिकारीजी ।

वह एक महान पुरुष होने के लायक है ।

यह सब आपकी बदौलत ।

किन्तु, उसकी महानता को तुम अपने स्वार्थ की भेंट चढ़ाना चाहती हो ?

क्षमा करें अधिकारीजी ।

तुम्हारा समग्र रहते एक मामूली गृहस्थी के सिवाय वह और कुछ भी नहीं बन सकता ।'

यह तो अपनी अपनी किस्मत है अधिकारीजी ।'

विमल के भविष्य को अपने स्वार्थ की भाषा में न परखो कुमारी ! वह एक महान पुरुष होने के लायक है। सिर्फ तुमने उसके क्षेत्र को अपने तक सीमित कर रखा है ।'

आप स्पष्ट नहीं हैं, अधिकारीजी ।

तुमसे सम्बन्ध बनाने के पहले विमल के भविष्य में मान ऐश्वय

अधिकार सब सुरक्षित थे। तुम्हारा समय उसे इन सबमें महरूम कर देगा। महान मठ का भावी नायक एक मामूली सांसारिक बन जाय इसमें आदर्श आत्मा की क्या शान रही, कुमारी ? तुम्हारे प्रेमी की शान तो उसे उन्नत बनाने में होनी चाहिए और यह तभी हो सकता है जब अपने अधिकार में तुम उसे मुक्त कर दो।

अधिकारीजी ?

हाँ, कुमारी। तुम उससे प्रेम करती हो। तुम्हें प्रेम की कीमत भी चुकानी चाहिए। प्रेम की असली कीमत सुख नहीं, त्याग है। वास्तव में अगर तुम उससे प्रेम करती हो तो उस प्रेम की कीमत भी तुम्हें चुकानी होगी। विमल को महान बनाने के लिए तुम्हें उससे जुदा होना होगा। अपने प्रति विमल के हृदय में घृणा उत्पन्न करनी होगी जिसमें आयन्दा भी वह वासना का शिकार न बने।

मजु ने अधिकारीजी के तर्क को गंभीरता पूर्वक सुना। वह कुछ क्षण के लिए मूर्तिवत स्थिर रह गई। आदर्श की अप्राकृतिक कल्पना के आगे की हृदय प्राकृतिक सृष्टि को झुकना पड़ा। उसे विमल के जीवन की अतीत घटनाओं का एक बार फिर स्मरण हो आया। अधिकारीजी मजु के भावों की भाषा को पढ़ने में व्यस्त थे। मजु ने झुँझला कर एक बार फिर प्रतिवाद करने की कोशिश की। उसने कहा—

कल्पित आदर्श की रक्षा के लिए आप नारीत्व की शान लेना चाहते हैं अधिकारीजी। विमल समय पाकर एक महान पुरुष हो जायगा मगर यह कहना रह जायगा कि मनुष्य को नारी पर विश्वास नहीं करना चाहिए। नारी के हाथों आप नारीत्व की इज्जत लेना चाहते हैं ? मनुष्य के अपूर्ण आदर्श की वेदी पर नारी के अटल विश्वास का बलि ? यही तो आखिर आपकी माँग रही अधिकारीजी ?'

एक नारी को ही इतना बड़ा त्याग करने का हक हासिल है कुमारी। त्याग कभी छिपा नहीं रहता। प्रकट होने पर नारी की शान को इसने हमेशा बढ़ाया ही है।

यह नहीं होगा अधिकारीजी। विमल की महानता मेरे और आपके हाथ में नहीं है। यह तो अदृष्ट के हाथ की बात है जिस पर मनुष्य का कोई काबू नहीं।

प्रेम की कीमत देने में इतना आगे पीछे देखती हो कुमारी? तुम्हारा प्रेमी तुम्हारे त्याग की बदौलत यदि एक महान संस्था का नायक बने तो इसमें तुम अपनी शान नहीं समझती? मैं तो अधिकारी तुम से कामना रहित प्रेम की मांग करता हूँ। विमल के तुम्हारे से दूर हो जाने के बाद भी तो तुम उसकी शुभ कामना कर सकती हो देवी!

अधिकारीजी?'

मैं वचन चाहता हूँ कुमारी। औरत से विमल को घृणा करने में यदि तुमने सफलता प्राप्त की तो उसकी आखिरी कमजोरी भी दूर हो जायगी। मैं नारी के त्याग पर विश्वास कर सकता हूँ कुमारी? जवाब दो। पारस्परिक संवादों के बीच जो भी गहन शांति के क्षण गुजरते उनमें एक दूसरे को एक दूसरे की गंभीर स्थिति का कुछ आभास मिल जाता था। कुछ क्षण विराम कर बोला—

हाँ अधिकारीजी। मंजु का स्वर भारी था। उसकी आँख आँसुओं से डबडबा आई थी। अधिकारीजी ने अब और ठहरना उचित न

१४

मजु की सचित आशाओं का समार कल्पित आदर्श की वेदी पर इस तरह हत हो गया। उसी आदर्श के लिए उसे अब अपने प्रति विमल के विश्वास की बलि देनी थी। वह अपने कमरे में आकर उसका उपाय सोचने लगी। अपने प्रति विमल के हृदय में अविश्वास पैदा करना अब उसका काम था यह किस तरह से हो सकता है ? यही समस्या उसके सामने अब नाच थी। एकाएक प्रसंग में, सब कुछ कह देने से उद्देश्य सिद्धि में रुकावट पड़ने होने का डर था। वह नत मस्तक होकर मेज के सहारे बैठ गई और अपनी उलझन सुलझाने के उपायों की कल्पना करने लगी। बड़ी देर तक मस्तक बैठे रहने के बाद उसने अपना सर ऊंचा किया। आंखों में आंसू थे। चेहरा गम्भीर था। दृढ़ता के स्थायी भाव उस पर अंकित थे। उसने चिट्ठी लिखने का एक सुन्दर कागज उठाया और उस पर लिखना शुरू किया।

प्रियतम !

विमल निर्दोष है उससे तुम्हें स्पर्धा न होनी चाहिए। वह तो दया का पात्र है। तुम्हारी मजूरी से ही मैंने उसे अपने पास रख छोड़ा है। तुम्हारे अधिकार को वह नहीं पा सकता। अपने बीच वह किसी तरह बाधा नहीं पहुंचा सकता। प्रथम तो माताजी ही उसके लिए आज्ञा नहीं देंगी। दूसरे वह कोई ऐसा जिम्मेवार आदमी नहीं जिसके ऊपर कोई आशा लगाई जा सके। स्पर्धा भी करते तो किसी बराबर वाले से तो करते। विमल पैसे पैसे के लिए मोहताज है। मैं उसकी, किस आशा को लेकर हो जाऊँगी ? तुम्हारी कल्पना बिल्कुल गलत है। उसे कृपया सुधार लेना। बाकी सब कुशल है।

पत्र पढ़ कर बराबर नष्ट करते रहिये ऐसा विश्वास करती हूँ।

सदा तुम्हारी—

मंजु

मंजु ने उपर्युक्त पत्र लिख कर उसे अच्छी तरह समेटा और मेज के मुख्य स्थान पर एक भार के नीचे रख दिया। नहाना बहुत पहले ही वह कर चुकी थी। भावी घटनाओं की प्रतीक्षा में वह समय बिताने लगा। जब उसे मालूम हुआ कि विमल बाहर से आ गया है वह उठ कर अपने कमरे के बाहर चल दी। वह चाहती थी कि विमल किसी तरह उस पत्र को पढ़ ले।

विमल बाहर से आते ही यन्त्रवत् पहले मंजु के कमरे में गया। मंजु वहां न थी। वह मंजु की मेज के शीशे में अपना चेहरा देखने लगा। उसके बाल बिखरे हुए थे और वस्त्र कुछ भीगे हुए। उसने अपना कोट उतार कर खूंटी पर रख दिया और मेज पर से कंघा उठा कर अपने बाल संवारने लगा। इसी बीच उसकी दृष्टि मेज पर पड़े हुए पत्र की तरफ खिंच गई। वह उसे उठा कर पढ़ने लगा। उसने एक बार सारा पत्र शुरू से लेकर अन्त तक अक्षरशः पढ़ डाला। विमल का चेहरा सफेद हो गया। उसके हाथ कंपित हो उठे। पांव धरती में चिपक गए। सारे शरीर की शक्ति एक छिन में छिन गई। वह उस पत्र को ज्यादा देर तक अपने हाथ में न थाम सका। पत्र क्या था वज्र था। उसमें लिखे हुए शब्द विषैले बाणों से भी ज्यादा घातक थे। वे अपना काम कर चुके थे। विमल को पसीना उतर आया। उसके पांवों की जमीन खिसकने लगी। उसने इधर उधर देखा। उसका कोई सहायक नहीं था। उसे गुरुदेव की याद हो आई। उसने शून्य में एकटक देखते हुए कहा—

आपने सच कहा था गुरुदेव। सबकुछ धोखा है।

उसने एक बार फिर पत्र को उठाने की चेष्टा की। उसके हाथ उसे स्पर्श करने ही वाले थे कि मंजु ने कमरे में प्रवेश किया। उसने सरल शब्दों में कहा—

आज बहुत देरी कर दी, विमल !'

हा ।' इसके आगे विमल की जबान न खुली ।

अब तक मजु मेज के पास आ चुकी थी । उसने आते ही खुले हुए पत्र को उठा कर झट से समेट लिया ।

विमल ने शान्त भाव से कहा—

मैं इसे पढ चुका हूँ । उसकी दृष्टि दूसरी ओर थी ।

मेरे व्यक्तिगत मामले मे हस्तक्षेप करने का तुम्हे अधिकार नही है विमल । मजु ने रुख बदलते हुए कहा ।

मैं समझता था 'है, इसीलिए पढ लिया । उसी शान्त भाव से विमल ने जवाब दिया ।

पहले अधिकार पाने के योग्य बनते विमल पीछे आशाएँ बाधना था । मजु एक रईस की लडकी है । उसे अपना बनाने के लिए तुम्हे अपनी हैसियत सुधारनी चाहिये थी ।

और वह हैसियत दौलत ही है ?'

जरूर ! समाज मे दौलत का अपना एक विशिष्ट स्थान है । वही तुम्हारे पास नही है । दूसरो के स र जिन्दगी बसर करने वाला मेरा अधिकारी नही हो सकता । विमल यह तो तुम्हें बहुत पहले ही मालूम हो जाना चाहिये था ।

तुम्हें दौलत ही मिलेगी, मजु । और किसी चीज के तुम योग्य भी नहीं हो ।

'अपनी सीमा से बाहर न जाओ विमल । मैं उसे अपने से बात करने के लायक भी नही समझता जिसके पास पैसा न हो । बिना हैसियत की दोस्ती म भी मुझे शक है ।

मजु का आखिरी वाक्य पूरा भी न होने पाया था कि विमल दरवाजे की ओर बढ गया । उसने एक बार खूटी की तरफ अपना हाथ बढाया मगर उसकी हिम्मत अपने उतारे हुए कोट को उठाने की न हुई । शायद, वह उसका खुद का खरीद किया हुआ न था । वह गीले वस्त्रो ही

इसके बाद विमल किसी तरह वापिस कलकत्ता आ गया। इतने बड़े शहर में सिवाय मठ के उसका कोई अन्य सहारा न था। सड़कों पर लगे पानी के नलों पर बार-बार पानी पीकर उसने अपनी क्षुधा शान्त करनी चाही, मगर ऐसा करके वह अपने आपको धोखा दे रहा था। इस तरह बेराज मठ में पहुँचने उसे शर्म मालूम होती थी। किसी तरह संध्या का समय उसने नजदीक लिया। बहुत कुछ इधर उधर के विचार के बाद वह मठ की ओर हो चल दिया। उसके पाँव बड़ी तेजी से उठने लगे। धीरे धीरे मठ दृष्टिगोचर हुआ और उसके बाद वह उसके समीप भी पहुँच गया। उसके पाँव रुक गए। एकाएक उसको मठ में प्रवेश करने की हिम्मत न हुई। वर्षों का अपना घर उसे पराए घर की तरह जान पड़ा। वह जानता था कि सिवाय मठ के उसका कहीं दूसरी जगह आश्रय नहीं है मगर फिर भी वह अन्दर एकाएक दाखिल न हुआ। वह चाहता था कि कोई सहारा देकर उसे प्रवेश कराये। अनुरोध या भिन्नता जो कुछ भी हो वह एक बार मठ के बाहर ही उसका सामना करना चाहता था।

आखिर, उसकी साध पूरी हुई। इधर उधर चक्कर काटता-काटता वह मठ के दरबान द्वारा देख लिया गया। दरबान उसे देखते ही उसके पास आया और नमस्कार किया। विमल ने कहा—

अच्छे तो हो बक्शी?

जी अधिकारीजी कई दफा आपके लिए पूछ चुके हैं। इन दिनों तो वे आपकी तलाश में बहुत ज्यादा हैं।

विमल की हिम्मत बढ़ गई। दरबान की बातों ने उनमें फिर से नए साहस का संचार कर दिया। वह बोला—

तुम उन्हें सूचना दे दो कि मैं आ गया हूँ।

यह कह के विमल मठ के दरवाजे की ओर बढ़ा और जल्दी से अन्दर प्रवेश करके अपनी कोठरी की ओर कदम बढ़ा दिए। उधर बन्दा अधिकारीजी के निवास-स्थान की ओर चल दिया।

विमल ने कोठरी के पास जाकर देखा तो उसकी हिम्मत एकदम प्रवेश करने की न हुई। उसे इस दशा हुए तो पूरे एक महीने से भी ज्यादा हो गया था फिर भी वह इस हद तक साफ सुथरी बनी था— बना था। यही उसके मन की उलझन थी। उसे एक बार लगा कि शायद किसी दूसरे आश्रमवासी ने इस पर अपना कब्जा जमा लिया हो। वह कुछ क्षण के लिए बाहर हुआ हो अन्दर की चीजों को गौर से देखने लगा। सब उसी की थी। उसका शक कुछ अंशों में कम हो गया और वह अन्दर प्रवेश कर गया। थोड़ी देर में मठ के एक नौकर ने स्नान के लिए पानी लाकर रख दिया और उसके बाद ही एक आदमी भोजन की थाली लेकर आ गया। विमल को घटनाओं के क्रम से बात समझ में आने लगी। इस समय तो वह इतना ही ख्याल कर सका कि यह सब अधिकारीजी की कृपा का फल है। जब विमल खाना खा रहा था मठ के एक कर्मचारी ने खुशामद करते हुए कहा—

आपकी गैरहाजिरी में अधिकारीजी सब पर नाराज रहते थे।

अब तो खुश हैं?

जरूर होंगे।

क्या बात हुई थी?

आपका किसी को कुछ ख्याल न था इसलिये।

क्या मतलब?

अधिकारीजी ने दरबान से आपके आने जाने के लिए पूछा। उसने कहा पता नहीं है। रसोइया महाराज से खाने की बाबत पूछा तो

उसने भी पता नहीं है ध्यान दिया। मठ का कोई कर्मचारी आपके विषय में ठीक जवाब न दे सका। अधिकारीजी नाराज हो गए। उन्होंने कहा—तुम सबको अपना अपना ध्यान है मठ की जान की तुम किसी को कुछ परवाह नहीं। तब मैं बराबर सब अपना अपना ध्यान रखते हैं।

विमल ने मुस्करा कर बात को वहीं बन्द कर दिया।

थोड़ी देर में विमल ने खाना समाप्त कर लिया और वह अपनी कोठरी में बैठा एक पुस्तक पढ़ने लगा। पुस्तक पढ़ने की तो सिर्फ चेष्टा मात्र थी। उसका ध्यान पिछले दिन की घटनाओं में चला गया। नारी के विश्वासघात के सिवाय इस समय वह कुछ भी नहीं सोच सकता था। मनुष्य की आराधना की देवी में राक्षसी प्रवृत्तियों की इस सीमा तक समाविष्टि है यही उसको अफसोस था। मंजु के विश्वासघात के कारण उसे नारीत्व से घृणा हो गई और वह अपने किए पर पछताने लगा।

कोठरी का द्वार खुला। विमल ने देखा कि अधिकारीजी हैं। वह सम्मान में खड़ा हो गया और उसने नमस्कार किया।

'तुम से सलाह करनी थी विमल!'

विमल का सर नीचा हो गया। उसके मुंह से शब्द न निकले।

अधिकारीजी ने कुर्सी पर बैठते हुए कहना शुरू किया—

'मुझे मालूम हुआ कि तुम बाहर चले गए थे।'

विमल ने अधिकारीजी के पांव पकड़ लिए और दीनता से कहना शुरू किया—

'अब नहीं जाऊँगा, गुरुदेव। आप क्षमा कीजिए।'

वह पांवों से लिपट सा गया। अधिकारीजी बोले—

कोई बात नहीं थी विमल! मुझे किसी ने कहा मठ में मठ के योग्य सजावट होनी चाहिए। मुझे तुम्हारा ख्याल आया। सोचता हूँ, यदि मठ में साधु महात्माओं के कुछ चित्र लगा दिए जाय तो अच्छा ही है। मुझे विश्वास है तुम मठ की इस कमी को पूरा कर सकोगे।

कोशिश करूंगा, गुरुदेव।

"मुझे विश्वास है कि तुम कर सकोगे। तुम्हें अपना काम जल्दी ही शुरू कर देना चाहिए। अपनी आवश्यकताओं के लिए तुम्हें सब कुछ शीघ्र ही जुटा लेना चाहिए।"

यह कह कर अधिकारीजी अपने निवास स्थान के लिए चल दिए। विमल उनके जाने के बाद कुछ देर तक अपनी आँखों से आँसुओं की धाराएं बहाता रहा। इन आँसुओं में जलन नहीं थी बल्कि शान्ति थी। अब भी संसार में उसके लिए कम से कम एक आत्मा तो ऐसी थी जिसे उसके भविष्य का ध्यान था। आँसुओं ने इन आँसुओं ने उसके दिल को एक बार हल्का कर दिया।

धीरे धीरे दिन गुजरे। विमल ने अधिकारीजी की आज्ञा के अनुसार अपना काम शुरू कर दिया। विमल की कोठरी एक बार फिर सुन्दर चित्रालय के रूप में बदल गई। अनेक त्यागी महात्माओं की रूप-रेखाएं अपूर्ण चित्रों में नजर आती थीं। बहुतों में सिर्फ आखिरी रंग ही देने बाकी थे। अधिकारीजी ने उन्हें देखा और उनका दिल खुशी से फूला न समाया।

एक दिन ऐसा भी आया जब विमल ने अपने चित्रालय में से उन चित्रों को बाहर निकालना शुरू किया। देखते-देखते मठ की सजावट शुरू हो गई। मठ का हर हिस्सा त्याग-तपस्या के जीवन से सजीव हो उठा। दर्शक को एक जगह जाने में कई बार श्रद्धा और भक्ति से नत मस्तक होना पड़ता था। मीरा की तन्मयता, चैतन्य की भक्ति, ध्रुव की तपस्या, प्रह्लाद का विश्वास, बुद्ध का त्याग, स्वामी राम का दर्शन, विवेकानन्द का विवेक सभी तो अपनी-अपनी जगह उन चित्रों में प्रदर्शित थे। अधिकारीजी ने उन सबको देखा और उनका मस्तक गौरव से ऊँचा हो गया।

एक दिन बिहारी के पिता मणिबाबू अधिकारीजी के दर्शन के लिए फिर मठ में आए। अधिकारीजी की बैठक तक पहुँचते पहुँचते उन्हें बहुत देर हो गई। वे जिस चित्र के पास भी पहुँचते उन्हें रुकना पड़ता।

बगैर नत मस्तक न्ए उनके कदम आगे बढ़े ही नहीं। जब वे अधिकारीजी के पास पहुँचे तो उन्होंने उत्सुकता से उनसे कहा—

बड़े अच्छे चित्र लगाए हैं आपने।

पसन्द हैं आपको ?'

मठ की शान हो गए हैं, अधिकारीजी।

आपकी सलाह थी उसी का यह फल है।

ये सब चित्र विमल ने बनाए हैं अधिकारीजी ?'

जरूर।'

'वह इन्हें बना सका ?

'आपको विश्वास नहीं होता ?

आप कह रहे हैं इसीलिए विश्वास तो करना ही पड़ेगा।

अधिकारीजी मणिबाबू का शक दूर करने के लिए उन्हें विमल के चित्रालय में लिवा ले गये। वहाँ विमल एक दूसरे ही चित्र की रूप रेखा खीच रहा था। उसमें कोई महात्मा न था बल्कि मनुष्य की जिन्दगी की एक झांकी थी जीवन की क्षणिकता अमरता का प्रदर्शन था। संसार पथ पर चलती हुई सुन्दर नारी अपनी आखिरी मंजिल चिता युक्त श्मशान की ओर ही अग्रसर हो रही थी जहां सिवाय अस्थि पंजर के किसी चीज का अस्तित्व न था, यही इस चित्र का भाव था।

अधिकारीजी व मणिबाबू ने इस चित्र को कुछ क्षण के लिए देखा और फिर वे एक दूसरे की तरफ देखने लगे। अधिकारीजी ने मन में कहा—

यह मठ के वातावरण की ही शान है मणिबाबू। और वे विमल के चित्रालय से बाहर होगए।

१६

मजु ने कलकत्ते वापिस आने के बाद एक दिन एक पत्र बिहारी को भेजा। पत्र में लिखा था—

बिहारी बाबू!

पूज्य माताजी ने जो प्रस्ताव आपके पिताजी के पास भेजा है उससे मैं सहमत हूँ। यदि आप अनुचित न समझें तो पूज्य पिताजी को अपना निश्चय जता सकते हैं। पुराने व्यवहार के लिये क्षमा चाहता हूँ।

आपका—

मजु

बिहारी ने मजु के इस पत्र को पढ़ा और उसके दिल में फिर नई आशा का संचार प्रवाहित हो गया। वह पोशाक बदल कर सीधा मठ की ओर चल दिया। मठ की ओर इसलिये कि बगैर विमल की मंजूरी हासिल किये वह कोई कदम अपने इस विवाह की ओर नहीं उठा सकता था। उसके दिल में आज सा[illegible]म था। अपने कब्जे के पत्र पर उसे पूरा विश्वास था। अपनी विजय इस सम्बन्ध के सहारे उसे निश्चित जान पड़ती थी। वह मठ में पहुँच कर सीधा विमल की कोठरी की ओर गया। वह भीतर से बन्द थी। उसने जोर से खटखटाना शुरू किया। विमल ने दरवाजा खोला तो देखा बिहारी है। आओ बिहारी। कह कर उसने उसे अन्दर ले लिया। बिहारी ने कोठरी की चटकनी फिर से लगा दी और वे दोनों आराम से बैठ गये।

बातचीत शुरू हुई। विमल ने पूछा—

किस तरह आये?

जवाब म बिहारी ने मजु का वही पत्र विमल के हाथ म द दिया।

विमल ने उस पत्र को एक बार पढा और वापिस उसी वक्त बिहारी की ओर पत्र कर लिया। पत्र बढ़ाते हुए उसने बिहारी से कहा—

मुबारिक हो।'

दिल से कहते हो ?

अवश्य।

वर्षों के निश्चय को तुमने एकाएक कैसे बदल दिया ?

यह अपना अपना भाग्य है बिहारी।

वह तुम्हारे योग्य नहीं थी ?

इन बातों से क्या फायदा बिहारी।'

म जानना चाहता हू विमल। मुझे उससे शादी करनी है।

म उसके योग्य नहीं था।

थोडी देर की खामोशी के बाद बिहारी ने अपनी विचार मुद्रा को भग करते हुए फिर पूछा—

एक जवान औरत यदि एक जवान पुरुष से प्रेम करे और उन दोनों को एकान्त म एक साथ समय बिताने का मौका मिले तो जहा तक मेरा ख्याल है वे अनधिकार चेष्टाओं के शिकार हुए बगैर न रहेगे। तुम्हारा इसमें क्या राय है ?

यह उनकी इन्सानियत पर निर्भर है, बिहारी।

मजु के लिये तुम्हारा क्या ख्याल है ?

मेरे लिये तुम क्या सोचते हो ?

तुम पवित्र हो विमल।'

मजु भी शरीर से पवित्र है।

और मन से ?

उसमे इन्सान धोखा खा सकता है बिहारी। क्योंकि कोई किसी की भीतरी तह तक नहीं पहुच सकता।'

थोडी देर की खामोशी के बाद कोठरी का दरवाजा खुला

और विमल और बिहारी दोनों बाहर निकले। विमल बिहारी को मठ के बाहरी फाटक तक छोड़ने गया और वहां से अपने दोस्त को विदा दी। बिहारी ने महसूस किया कि विमल के नज़दीक समय की इस सीमा पर हार जीत का सवाल ही न रहा था।

१७

इस घटना के कुछ ही दिन बाद बिहारी के पिता की तरफ से विमल के नाम एक कुकुम पत्रिका और बिहारी की तरफ से एक व्यक्तिगत पत्र मठ के पते से पहुंच। दोनो ही पत्रो म भेजने वालो ने अपनी अपनी तरफ स विमल से विवाह सस्कार के शुभ अवसर पर शामिल होने की प्राथना की थी। कहना नहीं होगा कि ये दोनो पत्र बिहारी-मजु की शादी से सम्बन्ध रखते थे।

विमल ने इन दोना पत्रो को पढा और लापरवाही से एक तरफ फेंक दिया। उसकी इस चेष्टा से यह अन्दाजा बखूबी लगाया जा सकता था कि उस उस विवाह म कोई दिलचस्पी नही है।

ठीक मुहूर्त म एक दिन बिहारी – मजु का विवाह सस्कार सम्पन्न हो गया। मगर विमल उसम शामिल न हुआ। वर और वधू दोनो पक्षो की तरफ स अनेक खुशिया मनाने के आयोजन किये गए। मगर वे सब मजु के लिए केवल प्रदर्शन मात्र रह गए अपना हृदय उनमे वह सयोजित न कर सकी।

सा ग रात्रि म सुसज्जित कमरे म पति-मिलन के लिए वधू को प्रवेश कराया गया। बडी सावधानी से मजु ने अपने कदम कमरे म बढाए। उस ठोकर खा जाने का डर था। अन्य सखिया के बाहर चले जाने के बाद पतिदेव कमरे म पधारे। अन्दर का चटखनी लगा कर जैसे ही बिहारी सुसज्जित पलग की ओर बढा, उसकी दृष्टि एक तरफ खडी हुई मजु पर पडी। उसने मुस्कराते हुए ज्योही अपने कदम रोक मजु उसके पावो से लिपट गई। बिहारी ने आग्रहपूर्वक उसे उठाया,

सहारा देकर पलग तक ले गया और अपने साथ बिठाया। मंजु अब भी नत मस्तक थी। बिहारी ने हाथ का सहारा देकर कहा—

सामने देखो।

मंजु ने सामने देखा। बिहारी ने कहा—

हसो। मंजु ने हस भी दिया मगर उसमे हसी नहीं था— हसने की चेष्टा मात्र था। उसके चेहरे के भाव गम्भीर थे। बिहारी ने समझ लिया कि उसकी मंजु उसकी आज्ञा के अनुसार हसी जरूर मगर वह एक कृत्रिम हसी ही पैदा कर सकी। उसने तेज रोशनी बन्द कर दी और अपनी अर्धांगिनी के आलिंगन मे रस लेने लगा।

मंजु बिल्कुल अकर्मण्य थी। उसकी देह सहारा पाकर राकेश के साथ बिहारी की ओर खिंच गई। बिहारी ने महसूस किया कि वह अभी तक मंजु के भावों को—उसकी सवेदनाओं को जागृत नहीं कर सका है। उसे स्पर्श से मालूम हुआ कि उसके प्रेम की आराध्य देवी अपने उष्ण आसुओं से शय्या को तर करने की फिक्र मे है। उसने उठकर फिर से रोशनी जलाई और देखा कि सचमुच उसका खयाल ठीक था। मंजु वास्तव मे आसू बहा कर अपने दिल को हल्का कर रही थी।

बिहारी ने पारस्परिक बात-चीत से इन आसुओं का कारण जानना चाहा। इस समय सिवाय इस तरीके के वह और किसी तरह भी मंजु के दिल की तह तक नहीं पहुच सकता था। उसने प्यार से पूछा—

खुशी के मौके पर आसुओं का क्या काम मंजु ?'

मगर मंजु के मुह से जवाब मे एक शब्द भी न निकला। उसने मंजु का नत मस्तक अपनी ओर उठाते हुए फिर पूछा—

कोई दुख है ?

जवाब मे मंजु ने अपना सर हिला दिया। शब्द अब भी उसके मुह से न निकले।

तुम्हे मजबूर तो नहीं होना पड़ा मंजु ?

मजु ने सर हिला कर नहीं में जवाब दिया। इस बार उसके मुह से शब्द भी निकला—नहीं।'

विमल ने तुम्हारे साथ धोखा किया ?' प्रश्न हुआ।

नहीं। जवाब आया।

'और किसी की याद आ रही है ?'

बीती हुई बातें आज कहानियां हो गईं। वे ही याद हो उठती हैं।

'उन्हे भूल जाओ, मजु।

आपको पाकर सबको भूल जाऊंगी। सिवाय आपके मेरे लिए अब कोई याद सुखकर न होनी चाहिए।'

यह कह कर मजु ने अपना सर बिहारी की गोद में दे दिया। बिहारी ने इस समय मजु के नाजुक हृदय को और किसी तरफ प्रेरित करना उचित न समझा। उसने बत्ती गुल कर दी और वे सो गए।

१८

सौहाग रात्रि के दिन मजु अपने बीते जीवन के संस्मरणों से बहुत कुछ छुटकारा पा चुकी थी। उसने अपने जीवन की मीठी कड़वी याद को अपने दिल से आँसुओं के जरिए बाहर निकालने का जो प्रयत्न किया उसमें उसे कुछ हद तक जरूर सफलता मिली। जीवन के मीठे स्वप्न एक बार अपने दर्द को खो से बैठे। पति परायणा मजु ने अपने पति बिहारी को कम से कम यह सोचने का मौका फिर कभी नहीं दिया कि उसका दिल सिवाय उसके और भी किसी की याद में उलझा हुआ है। वह पति की हर माग को पूरा करने की चेष्टा करती। सिनेमा थियेटर सरकस प्रदर्शिनी उत्सव आदि में बिहारी हमेशा मजु को अपने साथ रखता। उसे इस बात का गौरव था कि उसकी धर्मपत्नी सभ्यता के करीब करीब सब अंगों से परिचित है। मणिबाबू का कोष इस दम्पति की अपनी इच्छाओं की पूर्ति में पूरा सहायक था। मजु के दिन अपने पति के संग बड़े आनन्द से कटने लगे।

उधर विमल का अधिकारीजी ने एक ऐसा रास्ता पकड़वा दिया था कि सिवाय एक काम के उसको दूसरे कामों में बिलकुल फुरसत ही नहीं मिलती थी। वह अपनी चित्रकला की उपासना और सेवा में ही करीब-करीब संलग्न रहता था। मठ की माग पूरा हो जाने के बाद भी अधिकारीजी विमल को किसी नए भाव की खोज में अग्रसर कर देते। वह अपनी नई खोज में लग जाता। धीरे धीरे विमल के पास अपनी कला के नमूनों का एक अच्छा संग्रह हो गया।

× × ×

देग के कलाकारा की इज्जत करन क निए कलकत्ता की एक मगहूर सस्था न एक प्रर्गशिनी का आयोजन किया । देश क विभिन्न भागा से प्रर्गनी को सफल बनाने म सहायता देन की माग की गई । देग क कोन कोने म बसने वाले कलाकारा के नाम अपनी कला के नमूनो को ला कर प्रदान करने की अपील पेग की गई । सुदर कला क नमूना के लिए प्रर्गनी की काय कारिणी समिति ने पारितोषिक रख और इच्छुक कला कारो को अपनी मेहनत की सृष्टि को वेच कर पसा म परिवर्तित करा दे भी साधन समिति ने प्रदान किए ।

उक्त प्रर्गनी का मण्डप हमारे पूव परिचित मठ से ज्यादा फासले पर नही था । देश क प्रमुख कलाकारो के चित्र वहा प्रतिद्वन्द्विता म शामिल होने क लिए आए । जो कलाकार अपनी तस्वीर का वेचने का इच्छुक था उसके नमून पर बिक्री क लिए और उसकी कामत एव काने पर दज थे ।

अधिकारीजी के आदेश से विमल ने भी अपन सग्रह के कुछ चित्र प्रदर्शिनी म सजाये जाने के लिए भेजे । उन चित्रा म उसने एक चित्र नारी का भा भेजा जिसकी सुन्दरता, सत्यता के बाहर सिफ कल्पना क जगत म ही हो सकती थी । विमल ने इस चित्र को उक्त प्रदर्शिनी का इल्म हाने पर रात और दिन की लगातार मेहनत के बाद तयार किया था । सिफ इस चित्र के नीचे विमल ने अपना नाम न दिया । जितने चित्र उसन प्रर्गनी मे भजे उनम से कोइ भी बिक्री के लिय नहा था ।

प्रदर्शिनी म रखे हुए विमल के चित्रो का जनता ने देखा और मुक्त कण्ठ से उसकी तस्वीरा का सामालोचना म इसम कला है इसम जीवन है, 'यह भाव पूण है' आदि ऐसे ही वाक्य सुने गये ।

प्रदगन के तीसर रोज प्रात काल ही प्रर्गनी की समिति न विमल का नाम सव प्रथम पुरस्कार विजता की जगह घोषित कर दिया । उसक जिस चित्र ने उसक लिये यह पारितोषिक जीता वह एक नारी का चित्र था जिसका उल्लेख ऊपर आ चुका है ।

मजु हैरान थी। उसे पसीना उतर आया। वह अपने चित्र को नजर भर देख भी न सकी थी कि उसे वहा से हटना पडा। बिहारी ने मजु की परेशानी का पहचान लिया और वह उस अपने हाथ का सहारा देकर प्रदर्शनी के बाहर ले आया।

जब मजु अपनी मोटर गाडी म बठी, उसने अपन पति से कहा—

'उस चित्र का किसी तरह आप मेरे लिये हासिल कर सकने है ?

कोशिश करूँगा।' जवाब आया।

फिर कब कीजियगा ? प्रदर्शनी का आज आखिरी दिन है। कलाकारो का अपने नमूने आज ही वापिस द दिये जायेंगे।

बिक्री का डर तो है नही, मजु। इसे ता विमल से बाद म भी हासिल किया जा सकता है।

मेरी साधारण सी माग को भी आप ठुकरा रह हैं। आप जाते तो विमल आपको शायद दफ्तर म ही मिल जाता।

मजु की माग म गम्भीरता थी। बिहारी उसका सकेत पाकर सीधा समिति के कार्यालय म पहु चा। इधर-उधर देखन के बाद उसे विमल की शक्ल दिखाइ दी। अपन एक समय के दोस्त को हाथ से एक तरफ खीचते हुए बिहारी ने कहा—

पहले बधाई दू या माँग पश करूँ ?

'धन्यवाद, विमल न मुस्कराते हुए जवाब म कहा।

'तुम्हारी भाभी की माग लेकर हाजिर हुआ हूँ।

'मैं समझ गया। उन्हे उपहार चाहिए।'

हा।

कहो जरूर मिलेगा। आप कहाँ तशरीफ रखती है ?

साथ ही है।

कहा ?'

बाहर मोटर म।

थोड़ा देर और इन्तजार करें। तकलीफ तो होगी। मैं शीघ्र ही उपहार लेकर पेश होता हूँ।

'जरूर ?'

निश्चय।

बिहारी चला गया। उसे विश्वास था कि विमल जरूर आयगा। उसके ख्याल से विमल उसका सब मतलब समझ गया था।

× × ×

क्या कीमत दे देंगे 'मन्त्रीजी'?

'सब के लिये ?'

हां सब के लिये ही समझिये।'

'कीमत तो अच्छी ही मिलनी चाहिये। करीब-करीब हर राष्ट्र में इस कल्पना का केन्द्र है। लाखों प्रतियां एक-एक की इसकी होकर बिकेंगी।'

आप उससे मेरे लिये पूछ सकते हैं ?'

जरूर।

मन्त्री इतना कहकर हमारे पूर्व परिचित विमल व्यापारी के पास गया और उससे कलाकार के विचार प्रकट किये। व्यापारी मन्त्री की तरफ देख कर एक बार मुस्कराया और फिर अपने थैले में से चेकों की चेक बुक निकाल कर अपने हस्ताक्षर किये और उसे खाली चेक को मन्त्री के हाथ में दे दिया। चेक थमाते वक्त व्यापारी ने कहा—

इसे भर लीजिये वही कीमत ठीक रहेगी।

मन्त्री महोदय व्यापारी की व्यवहार कुशलता देख कर चकित रह गया। उसने अपनी स्थिति सुरक्षित रखने के लिये और आगे बढ़ना उचित न समझा। बेचने वाले को खरीदने वाले के सामने ला उपस्थित किया। व्यापारी ने कलाकार व उसके सहायक को किंकर्तव्यविमूढ़ देख कर चेक को अपने हाथ में लिया और बाईं तरफ से उस पर शून्य अंक (०) धरने शुरू किये। वह बगैर हिचकिचाहट के चार अंक लिखे गया कि कलाकार ने

उसका हाथ आगे लिखने से रोक लिया। उसने कलाकार की ओर मुड़ते हुए कहा—

'और लिखिए।'

'बस कीजियेगा।' जवाब आया।

आपकी मर्जी।'

उसने चैक और कलम को कलाकार के हाथ में पकड़ाते हुए कहा—

आगे आप रख दीजिए मगर काटियेगा कुछ नहीं।

कलाकार एक बहुत बड़े असमंजस में पड़ गया। उसकी भावुकता व्यापारी की उदारता को देख कर उमड़ आई। उसके मुंह से शब्द न निकला। कलम पकड़ने के साथ ही उसके हाथों में कम्पन दृष्टिगोचर होने लगा। उसने अपने सहायक की ओर देखा मगर वह मुस्करा रहा था। कलाकार को कुछ भी लिखने का साहस न हुआ। वह एक प्रकार से लज्जित था। व्यापारी ने कलाकार के हाथ से चैक और कलम लेकर उसके सहायक के हाथ में दे दिये। सहायक ने सोच विचार के बाद चार शून्य अंकों के पहले एक का अंक लिख दिया और चैक कलाकार को व कलम व्यापारी को पकड़ा दिये।

व्यापारी और कलाकार के बीच दस हजार रुपये में सौदा तय हो गया। व्यापारी ने एक रसीद पर कलाकार के हस्ताक्षर ले लिये। कलाकार ने हस्ताक्षर करते हुए कहा—

'आप मुझे चैक की बजाय रुपये नहीं दे सकते ?'

'जरूर दे सकता हूं।'

व्यापारी ने अपने थैले में से हजार हजार के दस नोट निकाले और उन्हें कलाकार को दे दिये।

× ×

बिहारी के चले जाने के थोड़ी देर बाद विमल प्रदर्शिनी के बाहर निकला। उसके हाथ में सुरक्षित एक बड़ा लिफाफा था। बिहारी के मोटर

चालक से उसे मालूम हुआ कि मजु व बिहारी सामने के कुंज निवास में उसका इंतजार कर रहे हैं। विमल वहीं चला गया। उसने अन्दर जाने पर देखा कि मजु एकान्त कमरे में मेज के सहारे बैठा आराम कर रहा है। उस कमरे से कुछ दूर बिहारी लगा हुआ प्रबन्ध में कुछ बातचीत कर रहा था। विमल को अच्छा मौका मिल गया। वह सीधा कमरे में मजु के पास चला गया। पहुंचते ही उसने मजु के सामने मेज पर अपने हाथ का लिफाफा डाल दिया। उसके मुंह से शब्द निकले— आपका उपहार।

मजु ने लिफाफे को खोल कर देखा तो उसके चेहरे का रंग बदल गई। अन्दर की चीजों को उसने मेज पर रख दिया। थोड़ी देर की खामोशी के बाद मजु ने कहा—

यह सब तो मेरे ससुराल में बहुत हैं विमल बाबू !

पीहर में कौन से नहीं थे, श्रीमतीजी ?

'आप कलाकार हैं अपने योग्य उपहार देते।

विमल को मौका मिल गया। उसने आवेश में कहा—

'उसके योग्य तुम नहीं हो, मजु ! इसलिए अपनी पसन्द को तुम्हारी पसन्द में बदल कर लाया हूँ।

मजु कम्पायमान हो उठी। उसके भावों ने उसे विचलित कर दिया। असली परिस्थिति अब वह कह नहीं सकती थी। उसने आवेश में सिर्फ इतना ही कहा—

विमल बाबू ! हटाइये इसे। उसके हाथ ने एक ही बार ने विमल के लाये हुए उपहार को छिन्न-भिन्न कर दिया और वह नत मस्तक हो गई। थोड़ी देर में मजु के कानों में अपने पतिदेव की आवाज सुनाई दी।

उसने अपना सर ऊंचा किया और देखा कि उसके पतिदेव फर्श पर बिखरे हुए सोने के कुछ टुकड़े और हजार हजार के करेंसी नोटों को बटोर रहे हैं। विमल वहां नहीं था।

१९

जीवन की प्राकृतिक शक्तियों की अप्राकृतिक शक्तियों पर एक बार फिर विजय हुई। अधिकाराजी का आदर्श मान विमल की भावुकता का, उसकी भावनामय निधि को नष्ट न कर सका। परिस्थिति वश दबी हुई भावनाएं मौका पाकर फिर प्रवल बल्कि तीव्रतर हो उठी। यथोचित माग न पाकर अथवा माग को अवरुद्ध पाकर व दूसरे मार्ग से प्रवाहित हो गई। विमल का हृदय मजु से मिले अपमान की चोट को भूला नही था। उस जीवन को स्वाभाविक प्रेरणाओं से निवृति नही मिली थी। शायद किसी को नही मिलती है। वह अपना बदला लेने के लिए उतावला हो उठा। अपने हृदय में क्षणिक शान्ति भी मजु के हृदय में वैसी ही चोट पहुँचा कर ही वह हासिल कर सकता था। सिवाय इसके वह अपने हृदय के दर्द का और किसी तरह मजु को समझाने में समर्थ न था। उसे अपना दर्द मजु को समझाने की अब भी जरूरत थी। मजु में उसकी दिलचस्पी कम न हुई थी। उसे मजु से अलग होने का रंज था। परिस्थितिवश वह अपने दर्द का वास्तविक रूप में प्रकट न कर सका। उसके प्रेम के उद्गार अपना रूप बदल कर मजु के सामने आये। जीवन की स्वाभाविकता के पर का आदर्श जीवन का आवरण हो सकता है—प्राण नहीं। पारस्परिक सवेदनाए उनका आदान प्रदान ही जीवन है। जीवन की जरूरत आदर्श नहीं बल्कि भाव और भावनाएँ है—आदर्श कल्पना की वस्तु है जिसे प्राप्त नही किया जा सकता। हृदय में उठने वाले भाव जीवन की एक मात्र सत्यता है जिससे मनुष्य छुटकारा नही पा सकता। उन्हें दबाया जा सकता है मिटाया नही जा सकता।

मंजु ने विमल के मुँह से निकले हुए घृणास्पद शब्दों को मजबूरन से सुना। उसके भाव उमड़ आए। अपनी उदारता के अधिकारों से वह इस प्रकार लज्जित न होना चाहती थी। उसे रंज हुआ कि उसके त्याग की कोई कीमत नहीं है। जीवन की इस मंजिल पर तो वह विमल के उन्नति-पथ में बाधक नहीं हो सकती थी। अब विमल को अंधेरे में कैसे रखा जाय? अतीत का माप पूरा हो चुका था। त्याग अपना उद्देश्य प्राप्त कर चुका था। इसके बाद भी त्याग करने वाले को शान्ति से अलग रखा जाय यह कहाँ का न्याय था। उसकी शान्ति रहस्य को जाहिर करने में हो सकती थी। यदि विमल को अधिकारों का रहस्य का स्पष्टीकरण कर देते तो वह विमल का विश्वास आज भी प्राप्त कर सकती थी। इस से ज्यादा अपने त्याग की कीमत वह नहीं चाहती थी।

मगर ऐसा न हुआ और वास्तविकता की अनभिज्ञता के कारण मंजु को विमल के हाथों घृणा का शिकार होना पड़ा।

मंजु के दिल पर विमल के अविश्वास की जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई। वह जिसकी हृदय से शुभकामना करे उसी के हाथों उसका अपमान हो यही उसकी वेदना का कारण था। मंजु का भावुक हृदय अंधेरे में उस चोट को न सह सका। पुरानी कहानियां एक बार फिर याद हो आईं। दबे हुए भाव फिर से जागृत हो उठे। अतीत जाग उठा। आध्यात्मिक बंधन ढीला पड़ गया। सामाजिक सूत्र को वह तोड़ना न चाहती थी। अपनी बीती देख कर आदर्शवाद में उसका विश्वास न रहा। संस्कारों की कमजोरी से उसने दिल के भावों को किसी के आगे जाहिर न किया। सामाजिक संस्कारों की कमजोरी की वजह से वह अपने पतिदेव से भी अपने दुख का कारण न कह सकी। अपने दुख को उसने किसी के आगे जाहिर तक न किया। ससुराल के सब सुख उसके आन्तरिक भावों की होली में जल कर खाक हो गए। उसने महसूस किया कि विमल की याद को वह किसी तरह अपने हृदय से नहीं भुला सकती है। अब भी उसके हृदय में विमल के लिए बहुत जगह थी। पतिदेव सिर्फ शरीर के स्वामी थे। मंजु के हृदय का राज्य

अब तो विमले के लिए सुरक्षित था।

अपने हृदय के स्वामी को रूठा हुआ पाकर मंजु का हृदय मुरझा गया। अपने कामों में उसे दिलचस्पी न रही। ज्यों ज्यों दिन गुजरे उसका स्वास्थ्य खराब होने लगा। भोग छूटे, आराम छूटा, घूमना फिरना छूटा और एक दिन ऐसा भी आया जब खाना पीना छूटने की नौबत तक आ गुजरी। मंजु के शरीर ने खाट का आसरा ले लिया।

मंजु के परिवार वालों को उसके जीवन के लिए चिंता पैदा हो गई और कुछ दिन गुजरने के बाद खतरा। नामी नामी हकीम वैद्य वैद्यराज और डॉक्टर आए और अपना अपना अनुभव आजमाया मगर कोई फायदा न हुआ। जब तक जिन्दगी की आशा रही, मंजु अपनी कमजोरी से छुटकारा न पा सकी। उसे किसी के आगे अपना रहस्य प्रगट करने की हिम्मत न हुई। संस्कार इतने बलवान होते हैं इसका उसे ज्ञान न था। उनकी प्रबलता का रूप वह अनुभव कर रही थी।

मंजु की पिछली रात ऐसी गुजरी जब उसे नींद बिलकुल न आयी। उसने आज की रात यह महसूस किया कि उसकी जिन्दगी अब अधिक नहीं है। आज भी पतिदेव उसके पास थे।

आधी रात बीत चुकी थी। बिहारी मंजु की पलंग के पास आराम कुर्सी पर बैठा कुछ विचार मग्न हो रहा था। एकाएक उसे क्षीण आवाज में कुछ अस्पष्ट शब्द सुनाई दिये। वह उठकर बीमार के पास गया। मंजु उसके मुंह की ओर एकटक देखने लगी। जवाब में बिहारी ने अपना हाथ उसके सर पर फेरना शुरू किया और वह पलंग पर किनारे बैठ गया। मंजु की आँखें छलक आईं और कई बूंद आंसू बाहर बह गये। बिहारी ने महसूस किया कि उसका जीवन-साथी खतरे में है। उसने पूछा—

बहुत ज्यादा तकलीफ है ?

मंजु ने सर के इशारे से 'हाँ' में जवाब दिया।

डाक्टर को बुलाऊं ?

ग्गम्र अब क्या करेगा ? मजु ने बिहारी का हाथ अपनी त्थेली म अपनी ओर खाच लिया । बिहारी उस धीरे धीरे त्बाने ग्गा ।

निराश न करा मजु । उसके ग । म निराशा की भलक थी । उसका स्वर भर आया । मजु न दानता स एक टक बिहारी की आखा म देखा । वह बिहारा से कुछ कहना चाहती थी । बिहारी उसक मन के भावा को समझ गया । उसने पूछा—

मर लिय काई आना ?

आप मानियगा ?

जरूर मजु ? उपाय रहते तुम्हारी कोई इच्छा पूरी हुए बगर न रहगी ।

मुझ आपस एसा ही विश्वास है । मजु ने विश्वास का दृष्टि से अपन पति की आखा म देखा ।

बिहारी न कहा–मर लिय क्या आना है ?

पुरानी स्मृतिया फिर स ताजी हा आइ है देखती हू जीवन म एक बडी भारी भूल कर दी ।

भूल इसान स होती है, मजु ।

उसका अफसास भी इसान ही का होता है और जीवन की इस मजिल पर ता बहुत ज्यादा . साचती हू विमल का क्यों नाराज कर दिया ?

तुमन उसे नाराज किया मजु ?

हाँ ।

बिहारी न एक क्षण मजु की तरफ गौर स देखा और फिर कहा—

उसस मुलाकात कराग ?

यह आप साचिये ।

का इज न । है मजु । उसके लिये मैं अभी बुलावा भेजता हू । मुझ विश्वास है कि वह जरूर आयगा ।

याद रही है। आपसे मिलना चाहती है। मैं इसी के लिए आया हूँ। उसने यह भी कहा है कि मुझे विश्वास है आप जरूर आयेंगे।

जरूर बिहारी। सिर्फ मेरे लिए ही कहा ?

हाँ अधिकारीजी। सिर्फ आपके लिए ही।

मठ के अधिकारीजी ने चद्दर ली और वे बिहारी के साथ मोटर में बैठ कर चल दिये। जिस समय वे बिहारी के घर पहुँचे रात का अंतिम पहर बीत रहा था। मणिबाबू मंजु के कमरे में उसके पास बैठे मंजु के ताप मान के नक्शे को देख रहे थे। अधिकारीजी को देख कर वे खड़े हो गये और नमस्कार किया। अधिकारीजी सीधे मंजु के पलंग के सहारे चले गये और उसके ललाट पर अपना हाथ रखा। मंजु ने आँखें खोलीं। उसने अधिकारीजी को देख कर क्षीण शब्दों में कहा—

और कौन है ?'

मैं ही आया हूँ मंजु।

कमरे में ? अपने प्रश्न को साफ करते हुए मंजु ने कहा—

ये सब बाहर चले जायँ ?

अधिकारीजी का इशारा पाकर सब लोग बाहर चले गए। अधिकारीजी ने एक कुर्सी को मंजु के पलंग के सहारे खींच लिया और वे उस पर बैठ गये। उन्होंने सुना—

'विमल का पथ सुधर गया अधिकारीजी ?'

अधिकारीजी मंजु के पहले ही प्रश्न को सुन कर अवाक रह गए। उनसे उत्तर देते न बना और उनके चेहरे पर एकाएक मुर्दनी छा गई। उन्होंने मन्त्र मुग्ध की तरह मंजु के चेहरे की ओर देखना शुरू किया मगर मंजु की दृष्टि से वे अपनी दृष्टि न जोड़ सके। मंजु ने फिर कहा—

आपकी खामोशी मुझे निराश कर रही है अधिकारीजी। मंजु के शब्द अधिकारीजी के कानों में पड़े। उन्होंने जवाब की कोशिश में कहा—

उसका भविष्य उज्ज्वल है मंजु।

और आपके मठ का भविष्य ?

'वह उसके पीछे है।' अभी तक अधिकारीजी मञ्जु की बात की गहराई तक न पहुँच सके थे।

आपने आज्ञा दी और मैं विमल के रास्ते से दूर होगई, मगर, इससे मुझे सुख न हुआ, अधिकारीजी। आज मुझे अपने किये पर दुख है।

मञ्जु!

हाँ अधिकारीजी। आपका आदर्श ज्ञान विमल के मानवी भावों को बिल्कुल नहीं बदल सका। उसके हृदय में आज भी वही भाव उठते हैं। जो पहले उठते थे। मठ के अनुकूल वातावरण ने दो अवगुण उसमें और पैदा कर दिये — पहला अविश्वास और दूसरी प्रतिहिंसा।

नहीं मञ्जु।

'मरता हुआ इन्सान झूठ नहीं बोलता अधिकारीजी। आप विश्वास कीजिये।'

विमल से मिलना चाहती हो, मञ्जु ?'

'आप आज्ञा दे देंगे अधिकारीजी ?

'हाँ, मञ्जु।'

नहीं, अधिकारीजी। आपकी आज्ञा समाज और आदर्श दोनों के बन्धनों को ढीला कर देगी। इससे भी कोई फायदा नहीं।'

'अपनी इच्छा प्रकट करो मञ्जु। मैं उसे पूरा करूँगा।

जिसके लिये मैंने त्याग किया उसे तो सुख होना चाहिए अधिकारीजी ?

जरूर मञ्जु।

विमल का अविश्वास दूर होना चाहिये, अधिकारीजी। अब उस रहस्य को आप विमल से न छिपाइए। वरना, मेरे मरने के बाद भी वह सुखी न हो सकेगा। जिन्दगी रहते मुझे विश्वास आजाय कि उसका मेरे प्रति अविश्वास दूर हो गया तो मैं सुख से प्राण त्याग कर सकूँगी अधिकारीजी।

नहर म ज। म तुम्हारी इच्छा जरूर पूरी करूगा।' उसकी आखें सजल हो गई। मजु की अन्त तपीड़ा का उन्हे भान हो गया था। उसकी अनुभूति उनके हृदय ने की।

जिन्दगी व ज्यादा श्वास बाकी नहीं हैं अधिकारीजी। मेरी यह हरकत बुझने हुए दीपक की तरह है। मेरे लिय आपको जल्दी करनी चाहिए।

आराम करो मजु। ईश्वर सबकी मदद करता है। और इतना कह कर अधिकारीजी उठ खड़े हुए। उन्होंने दो एक कदम दरवाजे की तरफ बढ़ाए होंगे कि उन्हें क्षीण स्वर म अपना नाम सुनाई दिया। व वापिस पलग के पास आगए। मजु न अपने तकिये के नीचे म उन्हें एक बन्द लिफाफा देते हुए कहा—

यह भी ले जाइए। आपको मदद मिलेगी।

क्या है मजु ?

रुपये और माने के पत्र हैं जो माली न बार उपहार म मुझे दिए थे। दूसरी चिट्ठी है जिसे लिख कर मैंने उसे धोखा दिया।

अधिकारीजी लिफाफे को लेकर कमरे के बाहर निकल आये। अब तक अस्पताल का समय हो चुका था। बाहर उन्हें मणिबाबू मिले मगर — फिर आऊगा —कह कर व मोटर म बैठ गये। मोटर का चालक उन्हें मठ के रास्ते तेजी से ले गया।

२०

अधिकारीजी के चले जाने के बाद बिहारी फिर मंजु के पास गया। उसने देखा कि मंजु की हालत पहले से ज्यादा बिगड़ी हुई है। एक अव्यक्त भय की आशंका चिंता उसे चारों ओर से घेरे हुए था। अपनी अशान्त व्यग्रता में उसने नर्स को बुलाया और उसके आदेश से डॉक्टर को। मगर कोई भी उसे सन्तोषजनक जवाब न दे सके। ईश्वर सब ठीक करेगा, अभी वह खतरे के बाहर नहीं है,' दवाई दी है। आशा है कुछ असर करेगी। आदि उत्तरों में उस आशा की झलक तक दिखाई न दी। उसका भय प्रतिपल बढ़ता गया। उसने महसूस किया कि अब वह समय भी आ पहुँचा है जब मंजु अपनी जबान तक भी न खोल सकेगी। मणिबाबू से भी हालत छिपी हुई न थी। डॉक्टर साहब उन्हें कह गये थे कि आज उन्हें मंजु को हरदम देखते सभालते रहना चाहिए। सारे परिवार के लिए यह एक ऐसी परिस्थिति थी जिसके अनागत के लिए सभी चिन्तित व आशंकित थे।

डाक्टरों के बाद ज्योतिषियों की बारी आई। उन्होंने भी आज का दिन मंजु के लिए खतरनाक बताया। उनकी गणना में मारकेश' पड़ता था। ग्रहों की शान्ति के लिए उन्होंने कई तरह के दान पुण्य बताए और जप आदि के लिए सलाह दी। जिसने जैसा भी कहा एक अबोध व निःसहाय की तरह सब परिवार वाले करते व कराते गए। दवाई, जप दान पुण्य सबकी प्रतिक्रियाएं वे बार-बार मंजु के चेहरे पर देखने लगे। निरीह निराशा निपट विवशता में सिवाय प्रार्थना एक साथ प्रार्थना के और कोई चारा उनके पास नहीं बचा बिहारी की आशा मंजु की सासों के साथ उसके चेहरे की छायाओं के साथ यथारूप आन्दोलित हो रही थी।

हाँ गुरुदेव।'

कोई खास मतलब था ?'

वह इसी के योग्य थी गुरुदेव।'

क्या मतलब ?

प्रदर्शिनी म ाज गए मेरे चित्रा का उमने देखा। जिस चित्र के लिए मुझे सर्वप्रथम पुरस्कार मिला वह उमी का था। अपने पति की मारफत उस चित्र को उसने माँग की। परन्तु मैंने उस उसके याग्य न समझा। उमे दौलत चाहिए थी। वह सिर्फ उसी की इज्जत कर सकती है। दौलतमन्द न होने के कारण उसने मेरा तिरस्कार किया गुरुदेव। उसकी माँग को दौलत स पूरा करना ही मैंने ज्यादा अच्छा समझा। चित्रा को न देकर उनसे प्राप्त कीमत मैंने उस भेंट कर दी।

'तुम्हे उसके लिए दुख न ा है विमल ?

नही गुरुदेव। मैंने यह जान बूझ के किया था। वह इसी के याग्य थी।

क्या ?'

यह न पूछिये गुरुदेव। गृहस्थ की बहू बेटी पर म इल्जाम लगाना नही चाहता।

तुम्हे गलतफहमी हुई है, विमल।

न । गुरुदेव ' मैंने अपनी आँखो से सब सबूत देखा है।

'सिर्फ एक पत्र न ?

'उसके हृदय को समझने क लिए वह पत्र काफी था गुरुदेव।'

यही वह पत्र है ? अधिकारीजी ने एक पत्र को विमल के हाथ मे दे दिया।

हा गुरुदेव ' यही वह पत्र है।'

'मेरे आदेश से मजु ने तुम्हारा तिरस्कार किया था विमल। यह पत्र मेरे ही आदेश की क्रिया और पालन है। मठ के भावी शासक की उन्नति म मैं मजु को बाधक समझता था। तुमने मेरी माग को ठुकरा

दिया, मगर मंजु ने नहीं। तुम्हें अधिकार युक्त और सुखी बनाने के लिए उसने अपनी इच्छाओं का अपने सुख का त्याग किया है जिसके लिये तुम्हें उसका जीवन भर आभारी रहना चाहिए।

गुरुदेव ?

वह अब भी तुम्हें पूजती है। विमल। उसके अपने प्रेम का अमृत आज भी तुम्हारे और उसके पास सुरक्षित है। तुम्हारे प्रति उसमें वासना रहित प्रेम का भाग रहा था। जीवन की बाकी घटनाएं उसके साथ मजबूरी से गुजरी हैं। अधिकारीजी के शब्दों का इतना उसके विश्वास के लिए पर्याप्त थी। वह बोला--

मुझे धोखा हुआ गुरुदेव। साथ ही एक घायल व्यक्ति की तरह उसके चेहरा सफेद व शरीर पाषाण बन गए। उसने सुना--

'पश्चाताप के लिये तुम्हारे पास बहुत समय है विमल मगर मंजु की जिन्दगी अब ज्यादा दूर की नहीं है। एकमात्र तुम से मिलने की प्रतीक्षा में वह जीवित है। जिन्दगी रहते अगर तुम उसकी इज्जत कर सको तो उसका त्याग सफल हो जायगा। अगर बहुत जल्दी तुम वहां न पहुंच सके तो जीवन भर तुम्हें पछतावा रह जायगा। सुन कर उसके हृदय में सागर से भी अधिक भयंकर व तीव्र हलचल मच गई।

शीघ्र ही विमल अधिकारीजी को प्रणाम करके कमरे से बाहर निकल गया। वह मठ के फाटक के बाहर पहुंचा ही था कि बिहारी की मोटर वहां आकर रुकी। मोटर-चालक ने विमल को पहचान कर बिहारी का सन्देश कह सुनाया। उसने कहलाया था--

'किसी तरह एक बार आ जाओ। मंजु सख्त बीमार है। वह तुमसे कुछ कहना चाहती है।

विमल मोटर में बैठ गया और मोटर तेज रफ्तार से दौड़ने लगी।

जिस समय विमल बिहारी के घर पहुँचा उस आनन्द के चिह्न कहीं भी दिखाई न दिये। फाटक के बाहर भिखारियों की भीड़ जमा थी और

मणिबाबू उन्हें वस्त्र—भोजन आदि दे रहे थे। उनका चेहरा दयनीय छाया में आच्छन्न था। आखिर एक पुरुष की सामर्थ्य पर भी बाहर न रही थी। घर के अन्दर प्रवेश करने पर उसे जप करते हुए पण्डित दिखाई दिये। वह मुख्य कमरे की ओर बढ़ा। वहाँ डाक्टरों का जमघट था। उनके चेहरों पर भी विवशता छाई हुई थी। उनके पास पहुँचते पहुँचते उसकी गति में शिथिलता आयी। निराशा की कालिमा ने उसे भी ग्रसित सा कर दिया। एकाएक कमरे में प्रवेश करते उससे न बना। द्वार पर ही उसके पाँव चिपक गए। उसने डाक्टरों की ओर देखा। भीषण गम्भीरता उसे उन पर छाई मिली। उसके कानों में हरिनाम की ध्वनि होती हुई क्षीण भनक पड़ी। सिर घुमा कर देखा तो हरिनाम सुनाने वाले कमरे से बाहर हो रहे थे। हृदय थाम कर वह अन्दर प्रविष्ट हो गया। अभी पूरे तीन कदम भी न बढ़ पाया था कि उसकी आँखें मंजु के मुरझाए हुए मुख पर जा लगीं। वह स्थिर रह गया। मूर्ति बन गया। एक एक करके कई क्षण गुजर गए। मगर वह खड़ा रहा—वहीं दूर। हिला तक नहीं। साँस तक भी शायद न ली। उधर मंजु द्वार की ओर मुँह किए लेटी पड़ी थी। आँखें खुली थीं। स्थिर स्थिति वह देखता रहा। उसने देखा कि तकिये का अचल भीगा है अश्रु-स्रोत सूख चुका था। उसकी धारा भी सूख चुकी थी। सिर्फ एक बूँद गिर कर नष्ट हो जाने के लिये शेष थी। विमल के देखते देखते वह भी गिरी और तकिये के आगे अंचल में अदृश्य हो गई।

विमल लौट गया। और आगे बढ़ने की आवश्यकता न थी—व्यर्थ था। करुण कोलाहल के बीच वह कोठी से निकल कर चला गया। न जाने कहाँ?

●●●